पत्रांक: 332 / कार्य- 7 (JJM) / 65 दिनांक: 28/03/2026

# जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे विकास भवन सभागार में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 95/छियत्तर-1-2020-20 स्वजल/2010 टी०सी०-अ दिनांक 21.01.2020 एवं शासनादेश संख्या- 190/छियत्तर-1-2020 -20-25सम/2019 दिनांक 24.01.2019 के क्रम में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अमेठी में निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों/फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री वीरभानू सिंह, जिला विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
2. श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
3. श्री अंशु गुप्ता, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
4. श्री विपिनचन्द, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
5. श्री अर्पित त्रिपाठी, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
6. श्री राजेश कुमार गुप्ता, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
7. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
8. श्री अवधेश बहादुर सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
9. श्री मोहन गुप्ता, पी0एम0 मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
10. श्री नन्दन सिंह, डी0पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0
11. श्री वेन्कन्ना, पी0एम0 मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स-गाजा प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन प्रा0लि0

श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई ने शिरोपरि जलाशयों को दिनांक 11.11.2025 से दिनांक 09.03.2026 तक मात्र 11 नग शिरोपरि जलाशय, मेसर्स गायत्री-रैम्की प्रा0लि0 हैदराबाद द्वारा दिनांक 11.11.2025 से दिनांक 09.03.2026 तक मात्र 03 नग शिरोपरि जलाशय एवं मेसर्स विन्ध्या-गाजा प्रा0लि0 नोएडा द्वारा दिनांक 11.11.2025 से दिनांक 09.03.2026 तक मात्र 03 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया। जो प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया।

**1-निर्माणाधीन योजनाओं में उच्च जलाशय की स्थिति**

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसकी प्रगति निम्नवत् है-

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय की संख्या | शिरोपरि जलाशय में कार्य प्रारम्भ की संख्या | पूर्ण शिरोपरि जलाशय की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 133 | 133 | 72 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 165 | 165 | 135 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या-गाजा | 194 | 194 | 158 |
| | कुल योग | 492 | 492 | 365 |

इस प्रकार मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज की उच्च जलाशय की प्रगति 133 नग के सापेक्ष मात्र 72 नग एवं विगत 04 माह में केवल 11 नग शिरोपरि जलाशय ही पूर्ण किया गया है जो अत्यन्त खराब असंतोषजनक पायी गयी। मेसर्स गायत्री-रैम्की द्वारा विगत 04 माह में की उच्च जलाशय की प्रगति 03 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया एवं मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स द्वारा विगत 04 माह में की उच्च जलाशय की प्रगति 03 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया है। साथ ही समस्त फर्मो को मैनपावर बढ़ाकर प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त एजेन्सियों को जून-2026 तक वर्षा ऋतु से पूर्व उच्च जलाशयों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**2-वितरण प्रणाली बिछाये जाने की स्थिति:-**

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | कुल बिछायी जाने वाली पाइपलाइन (किमी0) | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0) | अवशेष वितरण प्रणाली (किमी0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1832.00 | 1828.00 | 4.00 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3622.00 | 3616.00 | 6.00 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या-गाजा | 3323.00 | 3311.00 | 12.00 |
| | कुल योग | 8777.00 | 8755.00 | 22.00 |

समीक्षा बैठक में पाया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज द्वारा 04 किमी0 मेसर्स गायत्री-रैम्की द्वारा 06 किमी0 तथा मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स गाजा द्वारा मात्र 12 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना अवशेष है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

*728 E:\manoj singh\Nirikashan Akhaya\Karyavirti Letter A.K.docx*

Scanned with OKEN Scanner

-निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में तोड़ी गयी रोड/खंडजे की पुर्नस्थापना की स्थिति:-

निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं में पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। फर्मो द्वारा तोड़ी गयी रोड/खंडजे की पुनर्स्थापना का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र०सं० | फर्म का नाम | कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (कि०मी०) | पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड (कि०मी०) | पुर्नस्थापना की गयी रोड (कि०मी०) | अवशेष रोड पुर्नस्थापना (कि०मी०) | पुर्नस्थापना की गयी रोड प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वेलस्पन | 1828.00 | 376.00 | 364.00 | 12.00 | 96.81 |
| 2 | मेसर्स गायत्री | 3616.00 | 1607.00 | 1601.00 | 6.00 | 99.63 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या-गाजा | 3311.00 | 1496.00 | 1486.00 | 10.00 | 99.33 |
| | कुल योग | 8755.00 | 3479.00 | 3451.00 | 28.00 | 99.20 |

तोड़ी गयी रोड/खडजा का पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापूर्वक किया जाना अति आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी रोड/खंड़जो की पुर्नस्थापना शीघ्र की जाय। जिससे किसी प्रकार की असुविधा जन सामान्य को न हो।

- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यो में पारदर्शिता, गुणवत्ता एंव समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाय।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिस फर्म के कार्यो की प्रगति धीमी है उनमें तेजी लाना सुनिश्चित करें।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक योजनाओं में वी०एफ०डी० पैनल व डोजिंग प्लांट के स्टेटस की जांच कर ली जाय तथा समस्त योजनाओं पर अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाय।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त योजनाओं पर क्लोरिनेशन के पश्चात् ही जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें एवं जिन योजनाओं पर क्लोरिनेशन प्लान्ट स्थापित नहीं है वहां अतिशीघ्र क्लोरिनेशन पलान्ट स्थापित कराना सुनिश्चित करें।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में हो रहे पाइपलाइन/गृह संयोजनों में लीकेजों की मरम्मत समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा टी०पी०आई० को निर्देशित किया गया कि कार्यो की गुणवत्ता के साथ-साथ नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने एवं सामग्री की टेस्टिंग एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण करते हुये समुचित कार्यवाही की जाय।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जनपद में समस्त ऑगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला में शत प्रतिशत क्रियाशील जल संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर सुरक्षा किट (हेल्मेट, वेल्ट, सेफ्टीनेट इत्यादि) उपलब्ध कराना एवं श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाया जाना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही अधि०अभि० जल निगम/अधिशासी अभियन्ता जल निगम (विद्युत यांत्रिक)/मे०वेलस्पन प्रा०लि०/मे० गायत्री प्रोजेक्ट प्रा०लि०/मे०विन्ध्या टेलीलिंक्स/डी०पी०एम०यू०/टी०पी०आई०**

ह० अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),अमेठी

पृ०सं० 332 / AMU-7(Wm) / 65 दिनांक 28/1/2026

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
3. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर अवलोनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अमेठी।
5. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त निर्देशों का कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें एवं कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण करायें।
6. श्री अवधेश बहादुर सिंह, डी०सी०, डी०पी०एम०यू० अमेठी।
7. श्री देवेन्द्र सिंह, डी०पी०एम०, टी०पी०आई० अमेठी।
8. सम्बन्धित फर्म को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

*729 E:\manoj singh\Nirikashan Akhaya\Karyavirti Letter A.K.docx*

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner